02885

No. of Printed Pages : 4

बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2014

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-108 / ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *खण्ड क, ख और ग के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।*

खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* $2 \times 20 = 40$

1. भाषा के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए ।

2. हिन्दी भाषा की प्रमुख प्रयुक्तियों का उल्लेख कीजिए ।

3. राजभाषा और राष्ट्रभाषा की संकल्पना और महत्त्व को रेखांकित कीजिए ।

4. जनसंचार के मुद्रित माध्यमों में विज्ञापनों के लिए प्रयुक्त हिन्दी भाषा का सोदाहरण उल्लेख कीजिए ।

खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** के उत्तर लगभग 250 – 250 शब्दों में लिखिए : *4×10=40*

   (i) लिपि और वर्तनी का सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए ।

   (ii) पारिभाषिक शब्दावली-निर्माण की प्रक्रिया बताइए ।

   (iii) कार्यालय-हिन्दी के प्रयोग-क्षेत्र पर विचार कीजिए ।

   (iv) 'प्रतिवेदन'-लेखन का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए ।

   (v) वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली का स्वरूप बताइए ।

   (vi) समाचार-लेखन के सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिए ।

   (vii) वाणिज्य के क्षेत्र में हिन्दी-प्रयोग की संभावनाएँ बताइए ।

   (viii) फ़िल्म-समीक्षा में हिन्दी भाषा के प्रयोग का विवेचन कीजिए ।

खण्ड ग

इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 – 150 शब्दों में दीजिए : *2×5=10*

(i) शब्दावली के मानकीकरण के आधारों को स्पष्ट कीजिए ।

(ii) राजभाषा के रूप में हिन्दी की स्थिति स्पष्ट कीजिए ।

(iii) औपचारिक एवं अनौपचारिक पत्राचार का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(iv) बैंकों में हिन्दी के प्रयोग की स्थिति पर विचार कीजिए ।

7. निम्नलिखित में से *सही* अथवा *ग़लत* कथन का उल्लेख कीजिए : *3×1=3*

(i) समाचार-संपादन का कार्य संवाददाता करता है । (सही/ग़लत)

(ii) बैंकों की हिन्दी में कई प्रयुक्तियों का प्रयोग होता है । (सही/ग़लत)

(iii) अनुवाद हमेशा मूलग्रंथ से ही संभव है, अनूदित ग्रंथ से नहीं । (सही/ग़लत)

8. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए : *3×1=3*

(i) वैज्ञानिक लेखन के तीन प्रकार संभव हैं – मौलिक, अनूदित और __________ ।
(प्रचारात्मक/ज्ञानात्मक/अनुकूलित)

(ii) संक्षेपण का प्रथम वाक्य __________ रूप में रहता है । (सूचना/ प्रस्तावना)

(iii) मानक भाषा ______ होनी चाहिए । (एकरूपी/बहुरूपी)

9. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए : *4×1=4*

(i) Epidemic

(ii) Radiation

(iii) Energy

(iv) Vice-Chancellor